भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3772

जिसका उत्तर दिनांक 11.08.2021 को दिया जाना है

परमाणु रिएक्टर

3772. श्री डी. एम. कथीर आनन्द :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फ्रांस ने देश में परमाणु रिएक्टर बनाने में रूचि दिखाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में किसी करार को अंतिम रूप दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कुल कितने परमाणु रिएक्टरों के बनाये जाने की संभावना है तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार इसकी लागत कितनी है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क), (ख) तथा (ग) जी, हां । न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) और मेसर्स इलेक्ट्रिसाइट डी फ्रांस (ईडीएफ), फ्रांस ने जैतापुर, महाराष्ट्र में लगभग 10000 MW की कुल क्षमता वाली छह नाभिकीय विद्युत रिएक्टर यूनिटों के क्रियान्वयन के लिए एक औद्योगिक अग्रसर करार पर दिनांक 10 मार्च 2018 को हस्ताक्षर किए हैं । वर्तमान में, एनपीसीआईएल और मेसर्स ईडीएफ के बीच व्यवहार्य परियोजना प्रस्ताव पर पहुंचने के लिए चर्चाएं प्रगति पर हैं । लागत आंकलन का विवरण, चर्चा के निष्कर्ष पर पहुंचने और परियोजना प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने पर ही सामने आएगा ।

* * * * *